PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Wed, 16 Aug 2017, Page 13
Width: 47.24 cms, Height: 21.44 cms, a3r, Ref: 20.2017-08-16.112

विदेश में भी उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

■ **बीजिंग/मेलबर्न।**

देशभक्ति के रंग से सराबोर सैकड़ों भारतीयों ने आज देश के 71वें स्वतंत्रता दिवस का दुनियाभर में जश्न मनाया। विदेशों में भारतीय दूतावासों पर तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान गाया गया।

चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, मिस्र, इजरायल और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में भारतीयों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देशभक्ति के गीत गाकर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। बीजिंग में दूतावास में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों ने स्वतंत्रता दिवस मनाया। भारतीय राजदूत विजय गोखले ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का भाषण पढ़ा। उन्होंने दूतावास में आयोजित एक समारोह में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात भी की।

भारतीय महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। भारत चीन संसदीय समूह के अध्यक्ष तरण विजय के अलावा बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी समारोह में शामिल हुए। तरण विजय चीन की यात्रा पर हैं। गुआंग्झू में भारतीय महावाणिज्यदूत वाई के सैलास थंगल ने तिरंगा फहराया। दक्षिणी चीनी शहर में बसे 150 से अधिक भारतीय पेशेवरों और कारोबारियों ने वाणिज्य दूतावास पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मैल्कम टर्नबुल ने शुभकामनाएं देते हुए इसे ऐसा दिन बताया जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए संप्रभुता और आजादी की उपलब्धि की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत हुए हैं और दोनों देशों की सरकारें स्थिर तथा समृद्ध भारतप्रशांत क्षेत्र में साझा हितों का समर्थन करने के लिए साथ मिलकर काम कर रही हैं।

कैनबेरा स्थित भारतीय उच्चायोग के साथसाथ मेलबर्न, सिडनी और अन्य शहरों में वाणिज्य दूतावासों ने भी ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय समुदाय के कई सदस्य शामिल हुए। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) में विशेष मेहमान बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने शनिवार को तिरंगा फहराया।

जापान में भी भारतीयों ने उत्साह एवं उल्लास के साथ 71वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। जापान में भारतीय राजदूत सुजन आर चिनॉय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त जावेद अशरफ ने 700 भारतीयों के साथ स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। सिंगापुर में भारतीय स्कूलों के छात्रों ने देशभक्ति के गीत गाए और उच्चायोग में सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी।

ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के सैकड़ों लोगों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पहली बार आयोजित हुई आजादी दौड़ में भाग लिया जो यहां ऐतिहासिक पार्लियामेंट से शुरू हुई।

मिस्र में भारतीय राजदूत संजय भट्टाचार्य ने जमालेक में इंडिया हाउस में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। भट्टाचार्य ने राष्ट्रपति का संबोधन भी पढ़ा।

इस्राइल में देशभर से करीब 250 भारतीय स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए उत्तरी तटीय शहर में एकत्रित हुए। भारतीय यहूदी समुदाय के लोगों की ओर से 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ राजदूत पवन कपूर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस्राइल में भारतीय यहूदियों के केंद्रीय संगठन के पूर्व अध्यक्ष और संस्थापक सदस्य नूह मासिल ने बताया कि मोदी की यात्रा ने भारतीय यहूदी समुदाय के बीच गर्व की नई भावना पैदा की।

प्रिटोरिया, केपटाउन और जोहांसबर्ग में बड़ी संख्या में प्रवासियों व सभी समुदाय के स्थानीय लोगों ने भारतीय मिशनों में तिरंगा फहराने के कार्यक्रम में शिरकत की।

संयुक्त अरब अमीरात में सैकड़ों भारतीय प्रवासी स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए देश के मिशनों पर एकत्रित हुए। अबू धाबी में भारतीय दूतावास और दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास के परिसरों पर भारतीय ध्वज फहराने से पहले भारतीयों ने अपनी मातृ भूमि की प्रशंसा करते हुए नारे लगाए। **(भाषा)**